भारत की नदियाँ

1. भारत में लगभग 400 नदियां हैं जिसमें 14 बड़ी और 44 मंझोली नदियां हैं|

2. कोई नदी जितने क्षेत्र का जल लेकर समुद्र में मिलती है उसे उस नदी का बेसिन या द्रोणी कहा जाता है|

3. यदि बेसीन 20 हजारकिलोमीटर से बड़ी है तो ऐसी नदियों को बड़ी नदी कहते हैं तथा जिन नदियों का बेसीन 2 हजारकिलोमीटर से छोटी हो तो ऐसी नदियों को छोटी नदी कहा जाता है|

4. किसी नदी में मिलने वाली सभी छोटी नदियों को उसकी सहायक नदी कहा जाता है|

5. यदि कोई नदी दो शाखाओं में विभाजित हो जाती है तो वे शाखाएं वितरिका कहलाती हैं|

.

6. नदी जिस क्षेत्र में समाप्त होती है उसे उसका मुहाना कहते हैं|

competitiveexams.net

7.मैदानी क्षेत्रों से प्रभावित होने वाली नदियां अपने साथ सिल्ट या गाद लेकर चलती है तथा समुद्र तट पर इसे सिल्ट से डेल्टा का निर्माण करती है|

8. गंगा-ब्रह्मपुत्र द्वारा निर्मित सुंदरवन डेल्टा (10 हजार वर्ग किमी.) विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा है

9. यदि नदी पथरीले इलाके से प्रवाहित होती है तो डेल्टा के स्थान पर एस्चुअरी का निर्माण करती है|

10. नर्मदा ताप्ती एस्चुअरी का निर्माण करती है|

11. चम्बलनदी अपने मार्ग में महाखड्ड का निर्माण करती है| यह अत्यधिक भूमि कटान के लिए जानी जाती है| .

12. कोसी नदी पथ विचलन के लिए जानी जाती है|

13. यदि कोई पहाड़ नदी के प्रवाह को प्रभावित करता है तो इसे जलविभाजक कहते हैं|

14. अरावली और पश्चिमी घाट प्रसिद्ध जल विभाजक हैं|

15. भारत की 77 प्रतिशत नदियों का जल बंगाल की खाड़ी एवं 23 % अरब सागर में गिरता है|

competitiveexams.net

प्रवाह की दृष्टि से भारतीय नदियों को दो वर्गों में विभक्त किया जाता है :-

1. पूर्ववर्ती अपवाह

2. अपवर्तीअपवाह

पूर्ववर्ती अपवाह

1. ये नदियां अपने मार्ग की बाधाओं को काट कर आगे बढ़ती है|

2. हिमालय की नदियां इसी प्रकार की है|

अपवर्ती अपवाह

1. ये नदियां ढाल की ओर बढ़ती हैं|

2. प्रायद्वीपीय नदियां इसी श्रेणी में आती हैं|

.

भारतीय नदियों को दो अन्य श्रेणी में भी वर्गीकृत किया जाता है

1.हिमालय या उत्तर भारतीय नदियां

competitiveexams.net

2.प्रायद्वीपीय नदियां

उत्तर भारतीय नदियां

1. इन नदियों का उद्गम उत्तर भारत के ग्लेशियर से होताहै|

2. गोमती पीलीभीत के दलदलों से निकलती है|

3. हिमालय नदियों को एक चौथाई जल ग्लेशियरों के पिघलने से प्राप्त होता है|

4. विन्ध्य और अरावली से निकलने वाली कुछ नदियां भी इन्हीं नदियों में मिल जाती है|

5. हिमालय नदियां अपेक्षाकृतयुवा है| अभी इन का मार्ग निश्चित नहीं हुआ है| अतः इन में बाढ़ आती रहती है|

6. यह नदियां नरम धरातल से प्रवाहित होती है| अतः मुहाने पर डेल्टा का निर्माण करती है|

7. इन नदियों में वर्षभर जल रहता है|

प्रायद्वीपीय नदियां

1. इन नदियों का उद्गम पश्चिमी घाट है वर्षा जल से जलापूर्ति होती है|

competitiveexams.net

2. ग्रीष्मऋतु में इनमे जल का अभाव हो जाता है|

3. कावेरी इसका एक मात्र अपवाद है क्योंकि उसे ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन दोनों ही मानसून से जल प्राप्त होता है|

4. प्रायद्वीपीय नदियां अपेक्षाकृतप्रौढ है यह अपना मार्ग निर्धारित कर चुकी है|

5. अपेक्षाकृतसख्त भूमि पर बहने के कारण यह छोटे डेल्टों का निर्माण करती है|

6. कृष्णा और गोदावरी का डेल्टा मिलकर एक हो गया है| .

7. ताप्ती के बाद अधिकांश नदियां बंगाल की खाड़ी में गिरती है|

8. कर्नाटक की शरावती केरल की पेरियार इसका अपवाद है|

9. भारत में बहने वाली सबसे बड़ी नदी गंगा है (2525 किमी.)

10. ब्रह्मपुत्र की लंबाई 2900किमी. है परंतु भारत में इसकी अपवाह मात्र 700 किमी. है| यह भारत की सबसे चौड़ी नदी है|

competitiveexams.net

11. तीस्ता सबसे तेज गति से बहती है|

12. ब्रह्मपुत्र के पास सर्वाधिक सहायक नदियां है|

13. गंगा का बेसिन सबसे बड़ा है (9 लाख वर्ग किमी.)

14. असम में सर्वाधिक नदियां है|

15. हरियाणा में मात्र एक नदी घग्घर है|

16. किसी नदी को उसकी सहायक नदियों के साथ मिलाकर नदी तंत्र कहा जाता है

•T.M.C - नदी जल की कुल मात्रा को व्यक्त करता है| .

•CUSEC (क्योसेक) -नदी के जल के प्रवाह को व्यक्त करता है|

सिंधु नदी

1. उद्गम - कैलाश मानसरोवर (तिब्बत)

2. मुहाना - अरब सागर

competitiveexams.net

3. सहायक नदियाँ–
चिनाब,रावी,व्यास,सतलज,झेलम

4. चिनाब सबसे बड़ी सहायक नदी है|

5. भारत में यह लद्दाख और जास्कर के मध्य लेह से गुजरती है| .

झेलम

1. उद्गम - बेरीनाग झील (J&K)

2. मुहाना - चिनाब

3. सहायक नदियाँ–किशन गंगा

4. श्रीनगर झेलम तट पर ही है|

चिनाब

1. उद्गम - बारा लाचा दर्रा (H&P)

2. मुहाना - सिंधु

3. सहायक नदियाँ–चन्द्रा एवं भागा

4. जम्मू चिनाबके तट पर स्थित है|

रावी

competitiveexams.net

1. उद्गम - रोहतांग दर्रा (H&P)

2. मुहाना –चिनाब

3. लाहौर रावी तट पर स्थित है|

व्यास

1. उद्गम - रोहतांग दर्रा (H&P)

2. मुहाना –हरि के बैराज के पास सतलज

3. हरि के बैराज से ही इंदिरा गांधी नहर निकाली गई | .

सतलुज

1. उद्गम - राक्षस ताल (तिब्बत)

2. मुहाना –चिनाब (पाकिस्तान)

3. भाखड़ा नांगल बांध सतलज नदी पर है|

गंगा नदी

1. उद्गम - गंगोत्री(उत्तरकाशी)

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

competitiveexams.net

3. सहायक नदियाँ–बाएँ तट से- रामगंगा,शारदा या सरयू,घाघरा,गंडक,कोसी और महानंदा|

दायँ तट से- यमुना,तमसा,सोन,दामोदर आदि |

4. गंगा उद्गम के समय भागीरथी के नाम से जानी जाती है| .

5. देवप्रयाग में अलकनंदा के मिलने से गंगा का जन्म होता है|

6. इस नदी को तीन भागों में विभक्त किया जाता है सहारनपुर तक ऊपरी गंगा सहारनपुर से बनारस तक मध्य गंगा बनारस से गंगासागर तक निम्न गंगा |

7. बंगाल में गंगा दो शाखा में विभक्त हो जाती है भारत में भागीरथी हुगली तथा बांग्लादेश में पदमा |

8. पदमा और ब्रह्मपुत्र के मेल से मेघना का उदय हुआ|

9. गंगा को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया है|

10. स्वीट मीठे पानी की डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जंतु घोषित किया गया है|

competitiveexams.net

11. प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गंगा बेसिन अथॉरिटी का गठन किया गया है| जिसमें कुछ केंद्रीय मंत्री राज्य के मंत्री तथा कुछ एनजीओ भी शामिल हैं| .

यमुना

1. उद्गम - यमुनोत्री (उत्तरकाशी)

2. मुहाना - प्रयाग में गंगा

3. सहायक नदियाँ–बाएँ तट से- हिंडन,वरुणा,सेंगर,रिंद| दायँ तट से- चंबल,बेतवा,केन आदि |

4. यह गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है|

रामगंगा

1. उद्गम - गढ़वाल हिमालय

2. मुहाना - कन्नौज में गंगा

3. रामगंगा तराई की डिस्टलरी और Sugar Milesकागंदा पानी गंगा में मिला देती है|

शारदा या सरयू

1. उद्गम - मिलाप ग्लेशियर (कुमायूं)

competitiveexams.net

2. मुहाना - बहराम घाट

3. सहायक नदियाँ–घाघरा

4. यह काली सरयू और गोरी गंगा के नाम से भी जानी जाती है| .

घाघरा

1. उद्गम - मापचाचुंगी(ट्रांस हिमालय)

2. मुहाना - गंगा

3. सहायक नदियाँ–ताप्ती,शारदा

गंडक

1. उद्गम - नेपाल हिमालय

2. मुहाना - बिहार में सोनपुर

3. नेपाल में नारायणी और शालिग्राम नामो से जानी जाती है|

कोशी

1. उद्गम -पूर्वी नेपाल

2. मुहाना - गंगा

competitiveexams.net

3. 7 छोटी नदियां जिन्हें नेपाल में सप्तकौशिकी कहा जाता है| .

4. मार्ग विक्षेपण के लिए जानी जाती हैं इसे बिहार का शौक भी कहा जाता है|

गोमती

1. उद्गम -पीलीभीत का दलदली क्षेत्र

2. मुहाना - गाजीपुर में गंगा में

3. सहायक नदियाँ–सई,बरना

4. लखनऊ और जौनपुर गोमती तट पर ही बसे हैं|

सोन

1. उद्गम -अमरकंटक का पठार

2. मुहाना - पटना में गंगा

3. सोन स्वर्णरेखा व रामगंगा में सोने के कण पाए जाते हैं|

दामोदर

1. उद्गम - छोटा नागपुर का पठार

2. मुहाना - हुगली नदी

competitiveexams.net

3. सहायक नदियाँ– जमुनिया

4. बंगाल का शौक कहा जाता है|

चंबल

1. उद्गम - जानापाव पहाड़ी (MP)

2. मुहाना - यमुना (ओरिया)

3. सहायक नदियाँ– कालीसिंध,पार्वती,बनास

4. चुलिया जलप्रपात इस नदी पर है|

5. चंबल घड़ियालों के लिए जानी जाती है|

.

ब्रह्मपुत्र

1. उद्गम - तिब्बत में कैलाश मानसरोवर

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

3. सहायक नदियाँ– तीस्ता,मानस,धनसिरी, गंगा, बराक

4. ब्रह्मपुत्र भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न नामों से जानी जाती है-

A. तिब्बत में सांगप्पो,

competitiveexams.net

B. अरुणाचल प्रदेश में देहांग,

C. असम में लोहिप,

D. बांग्लादेश में जमुना

5. सर्वाधिक सहायक नदियां ब्रह्मपुत्र की ही है|

माही

1. उद्गम - अरावली पहाड़ियां

2. मुहाना - खंभात की खाड़ी

लूनी

1. उद्गम – नाग पहाड़ी,अजमेर

2. मुहाना - कच्छ का रण

3. सहायक नदियाँ– जवाई (राजस्थान)

साबरमती

1. उद्गम - अरावली पहाड़ी,अजमेर

2. मुहाना - खंभात की खाड़ी (गुजरात)

3. अहमदाबाद इसी नदी के तट पर स्थित है|

competitiveexams.net

.

महानदी

1. उद्गम - सिहावा पहाड़ी (mp)

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

3. कटक, महानदी तट पर स्थित है|

ब्राह्मणी

1. उद्गम - छोटानागपुर का पठार

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

3. राउरकेला (उड़ीसा) इसी के तट पर स्थित है|

स्वर्णरेखा

1. उद्गम - छोटानागपुर का पठार

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

3. जमशेदपुर (झारखंड) इसी के तट पर स्थित है|

नर्मदा

1. उद्गम - अमरकंटक का पठार (MP)

2. मुहाना - खंभात की खाड़ी

competitiveexams.net

3. सहायक नदियाँ– तवा

4. नर्मदा अनेक प्रपातों के लिए जानी जाती है- कपिलधारा,दुग्धधारा,धुआंधारा

.

ताप्ती

1. उद्गम - मध्यप्रदेश का मुलताई

2. मुहाना - खंभात की खाड़ी

3. एस्चुअरी का निर्माण करती है|

गोदावरी

1. उद्गम – त्र्यंबकेश्वर,नासिक(महाराष्ट्र)

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

3. सहायक नदियाँ– केनगंगा,वेनगंगा,वर्धा,इंद्रावती,मंजीरा

4. गोदावरी को दक्षिण की गंगा,वृद्ध गंगा भी कहते हैं| .

5. यह दक्षिण भारत की सबसे पुरानी नदी है|

6. भारत में बहने वाली दूसरी सबसे बड़ी नदी है|

competitiveexams.net

7. पैठण और नासिक गोदावरी तट पर ही स्थित है|

कृष्णा

1. उद्गम – महाबलेश्वर (महाराष्ट्र)

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

3. सहायक नदियाँ– पंचगंगा,दूधगंगा,घाटप्रभा,मलप्रभा,भीमा,मुसी (अंतिम),तुंगभद्रा (सबसे बड़ी सहायक)

4. पुणे भीमा तट पर स्थित है|

5. हैदराबाद मूसी तट पर स्थित है|

शरावती

1. उद्गम - पश्चिमी घाट

2. मुहाना - अरब सागर

3. भारत का सबसे ऊंचा प्रपात जोग/गोरसप्पा/महात्मा गांधी प्रपात इसी नदी पर है| .

कावेरी

1. उद्गम - कर्नाटक का कुर्ग क्षेत्र

competitiveexams.net

2. मुहाना - बंगाल की खाड़ी

3. दक्षिण की गंगा कही जाती है|

4. प्रायदीप की एकमात्र नदी जिसमें वर्ष भर जल रहता है|

सतलज नदी जल विवाद

1. सतलज के जल को एक नहर के द्वारा यमुना तक पहुंचाने का प्रस्ताव है|

2. इस से हरियाणा को सतलुज का जल मिल सकेगा|

3. 1982 में सर्वोच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में दिशा निर्देश दिए|

4. इराड़ी आयोग का गठन इसी उद्देश्य से किया गया परंतु अब भी यह मामला विवादित है|

यमुना

1. यमुना के जल को लेकर up,हरियाणा,दिल्ली के मध्य विवाद है| .

गोदावरी जल विवाद

1. गोदावरी के जल के संदर्भ में महाराष्ट्र व आंध्र प्रदेश में विवाद है|

competitiveexams.net

2. 1969 में इसके लिए बछावर आयोग गठित किया गया|

कृष्णा नदी जल विवाद

1. कृष्णा के जल को लेकर कर्नाटक एवं आंध्र में विवाद है|

2. 1964 में कर्नाटक में कृष्णा पर अलबट्टी बांध का निर्माण किया गया जिसे लाल बहादुर शास्त्री बांध भी कहते हैं|

3. 1976 में इसके लिए भी बछावर आयोग गठित किया गया|

कावेरी नदी जल विवाद

1. कावेरी जल विवाद सबसे पुराना जल विवाद है|

2. यह ब्रिटिश काल से अस्तित्व में है|

3. 1914 में इसके लिए ग्रिफिन कमिशन गठित किया गया| .

4. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर एन के सिंह की अध्यक्षता में एक अधिकरण (TRIBUNAL) बनाया गया|

competitiveexams.net

5. इसी ट्रिब्यूनल ने 4 राज्यों के मध्य जल के बंटवारे का सुझाव दिया कर्नाटक,केरल,तमिलनाडु, पांडुचेरी|

भारत का पड़ोसी देशों के मध्य जल विवाद

भारत-पाकिस्तान

1. भारत पाकिस्तान के मध्य सिंधु जल को लेकर विवाद है|

2. 1960 में भारत पाकिस्तान के मध्य सिंधु जल समझोता हुआ|

3. इसके तहत सिंधु,झेलम,चिनाब के जल पर पाकिस्तान को विशेषाधिकार दिया गया|

4. रावी,व्यास,सतलुज की जल पर भारत को वरीयता दी गई|

5. इस प्रकार 80 प्रतिशत जल पाकिस्तान को सौंप दिया गया| परंतु पाकिस्तान को अभी भी भारत की अनेक परिजनों पर आपत्ति है- झेलम पर बन रहे किशनगंगा और बुल्लर बैराज (तुलबुल परियोजना) और चिनाब पर दुलहस्ती और सलाल बांध|

6. विश्व बैंक ने रेमंड की अध्यक्षता में एक ट्रिब्यूनल का गठन किया जिसने भारत के पक्ष मं निर्णय दिया|

competitiveexams.net

7. वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में 67 परियोजनाए लंबित है| .

भारत-बांग्लादेश

1. भारत-बांग्लादेश के पास 54 साझा नदियाँ है|

2. गंगा,तीस्ता और बराक के जल बंटवारे को लेकर दोनों देशों में विवाद है|

3. कोलकाता बंदरगाह की जल आपूर्ति के लिए भारत ने मुर्शिदाबाद में फरक्का बैराज स्थापित किया है बांग्लादेश ने इस पर आपत्ति की|

4. 1987 में गंगाजल के बंटवारे को लेकर दोनों देशों में एक समझौता किया गया|

5. भारत पश्चिम बंगाल में तीस्ता लॉ डैम प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है| जिस पर बांग्लादेश को आपत्ति है| .

6. मणिपुर में बराक नदी पर तिपाईमुख परियोजना का निर्माण किया जा रहा है| बांग्लादेश को इस पर भी आपत्ति है|

भारत - नेपाल

competitiveexams.net

1. भारत और नेपाल के मध्य महा काली गंडक और कोसी नदियों को लेकर विवाद है|

2. महाकाली उत्तराखंड और नेपाल की सीमा बनाती है| इस पर शारदा पंचेश्वर और टनकपुर बांध निर्मित किए गए हैं|

भारत चीन

1. चीन ब्रह्मपुत्र की धारा को उत्तर की ओर मोड़ना चाहता है, जिस पर भारत को आपत्ति है|

राष्ट्रीय नदी ग्रिड परियोजना

1. भारत में लगभग 165 जिले प्रतिवर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं, इतने ही जिले सूखा आशंकित है|

2. कुल नदी जल का 80% समुद्र में मिलकर व्यर्थ हो जाता है, इस समस्या के समाधान हेतु नदी जोड़ो परियोजना प्रस्तावित की गई है|

3. 1960 में सर्वप्रथम के.एल.राव ने यह प्रस्ताव रखा| .

4. 2000 में सर्वोच्च न्यायालय में एक पी.आई.एल दाखिल की गई| सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 तक इसे

competitiveexams.net

पूरा करने का निर्देश दिया| इस परियोजना के प्रमुख प्रावधान है-

5. कुल 30 नदियों को आपस में जोड़ा जाना है, जिसमें 16 प्रायदीपीय तथा 14 हिमालयी नदिया है| तत्पश्चात इन्हें दो स्थानों पर एक दूसरे से जोड़ दिया जाना है|

.

आप हमारे हिंदी माध्यम में उपलब्ध Handwritten + Typewritten फुल नोट्स खरीद सकते है नाम मात्र कीमत के साथ ....

1. Mathematics Notes Price 320 Rupees

2. English Grammer Notes Price 260 Rupees

3. General Science Notes 250 Rupees

4. Psychology / Bal Vikas Notes 250 Rupees

5. Education + Teaching Methods Notes 150 Rupees

Note :- Psychology + Education + Teaching Methods Both Books Combine Pack Just 350 Rupees

6. Haryana G.K Notes Price 150 Rupees

7. Rajasthan G.K Notes Price 150 Rupees

competitiveexams.net

8. हिंदी व्याकरण नोट्स 150 Rupees

9. Computer Notes 120 Rupees

10. Reasoning Notes 180 Rupees

Most Important

11. G.K With Trick Notes 220 Rupees

12. History Notes 180 Rupees

13. Geography Notes 180 Rupees

14. Polity Notes 150 Rupees

15. World G.K Notes 150 Rupees

16. Economics Notes 90 Rupees

17. Environment Notes 90 Rupees

Note:- Sr. No 11 to 17 तक के सभी नोट्स आप मात्र 750 रूपये में खरीद सकते हो जिससे आपको सीधे सीधे 310 रूपये का फायदा होगा

तथा जो साथी सभही नोट्स लेना चाहता है तो उसको 3040 रूपये के नोट्स मात्र 2100 रूपये में ले सकता है

किसी भी विषय के नोट्स खरीदने के लिए 9464770619 पर Whatsapp msg करे Please Call ना करे या फिर जिस समय ऑनलाइन हो उसी समय call करे

competitiveexams.net

धन्यवाद

Sangeeta Kumari

competitiveexams.net